कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– 4025/ 11–सी–FP/UP/Approach/145661/2021, लखनऊ, दिनांकः जून 23 ,2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
गोरखपुर मण्डल,
गोरखपुर।

विषयः– जनपद–देवरिया के अंतर्गत हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 द्वारा देवरिया–कसया मार्ग (एस0एच0–79) के किमी0 नं0–14 से 15के मध्य दांयी पटरी पर गाटा सं0–908, ग्राम–कोन्हवलियॉ, पो0–कंचनपुर, तहसील व जिला–देवरिया में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.075028 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 08 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/12/2023/एफ0सी0/893, दिनांक 09.02.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर का पत्रांक–2959/2–6, दिनांक 14.06.2023

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्तियों का निराकरण कर वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख आपने अपने उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 14.06.2023 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त निम्न कमियों/अभिलेखों का अभाव पाया गयाः–

1. भारत सरकार की आपत्ति सं0–01 के निराकरण के क्रम में प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा किये गये उल्लंधन के फलस्वरूप कृत कार्यवाही की सत्यापित प्रति, एच–2 केस प्रशमित प्रमाण पत्र तथा दण्डात्मक एन0पी0वी0 की गणना संलग्न नहीं किया गया हैं तथा ऑनलाइन भाग–2 के क्रमांक–11 में उल्लंधन का विवरण भी अपलोड नहीं किया गया है।
2. भारत सरकार की आपत्ति सं0–02 के निराकरण के क्रम में संलग्न किये गये प्राक्कलन में CA का क्षेत्रफल 0.25 हे0 अंकित है, जोकि त्रुटिपूर्ण है। अतः के0एम0एल0 के अनुसार CA का क्षेत्रफल 0.16 हे0 अंकित कर संशोधित प्राक्कलन संलग्न कर ऑनलाइन अपलोड करें।
3. प्रस्ताव में संलग्न पेनड्राइव में संशोधित CA स्थल की के0एम0एल0 फाइल अपलोड नहीं है। अतः अपलोड कर पूर्ण निराकरण की एक पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइव में अपलोड करें।

अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर भारत सरकार द्वारा की गयी आपत्तियों का संशोधित पूर्ण बिन्दुवार निराकरण संस्तुति सहित तीन प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– 4025 /11–सी–FP/UP/Approach/145661/2021, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, देवरिया।
2. उप महाप्रबन्धक (रिटेल), हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0, गोरखपुर–देवरिया रोड, बैतालपुर, देवरिया।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।